दिनांक : 20.09.2025

समय : 07.10AM

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री आज गुजरात दौरे पर, 60 हज़ार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- मध्यप्रदेश में फिल्माई गई 'होमबाउंड' ऑस्कर 2026 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि, मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल से ग्वालियर-चंबल संभाग के तीन दिवसीय प्रवास पर।
- एशिया कप क्रिकेट में भारत ने अबू धाबी में खेले गए मुकाबले में ओमान को 21 रन से हराया।
- मध्यप्रदेश में अगले चार दिन तक बारिश के आसार, आठ जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी।

**प्रधानमंत्री-गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के दौरे पर जाएंगे। वह भावनगर में समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में शामिल होंगे और 34 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक विशाल जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री चेन्नई बंदरगाह पर तटीय संरक्षण कार्य, कार निकोबार द्वीप पर समुद्री दीवार, कांडला के दीनदयाल बंदरगाह में बहुउद्देश्यीय कार्गो बर्थ और ग्रीन बायोमेथनॉल संयंत्र तथा पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे।

## त्योंथर-रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा जिले के त्योंथर में विंध्य विकास संकल्प सम्मेलन में 162 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और 125 करोड़ की लागत से लगने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस प्लांट में प्रतिदिन 15 हज़ार किलोग्राम कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि त्योंथर में 400 एकड़ भूमि पर नया औद्योगिक प्रक्षेत्र विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां न्यू आईटीआई का निर्माण होगा और सिविल अस्पताल को 100 बेडेड किया जाएगा।

## 'होमबाउंड'

प्रदेश में शूट हुई फीचर फिल्म 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 की बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि को पूरे प्रदेश का सम्मान बताते हुए कहा कि नई फिल्म पर्यटन नीति से मध्यप्रदेश फिल्म निर्माण का केंद्र बनता जा रहा है। भोपाल और आसपास फिल्माई गई होमबाउंड की अंतर्राष्ट्रीय सफलता इसी का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह फिल्म ऑस्कर में भी भारत और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेगी।

## राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल  से ग्वालियर-चंबल संभाग के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी भाग लेंगे। सोमवार को राज्यपाल जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे मुरैना जिले के करह धाम में पूजा-अर्चना करेंगे और ग्राम धनेला के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यपाल पटेल 23 सितम्बर को ग्वालियर से ओरछा, जिला निवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पुलिस-भर्ती

प्रदेश में पुलिस महकमे में सूबेदार, शीघ्रलेखक और सहायक उप निरीक्षक के 500 रिक्त पदों पर भर्ती होगी। कर्मचारी चयन मंडल भोपाल ने विज्ञापन जारी किया। ऑनलाइन आवेदन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा 10 दिसम्बर से आयोजित की जाएगी। परीक्षा की नियम पुस्तिका मंडल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

## सेवा पर्व - बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से प्रत्येक बालिका के लिए सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की है।

## जीएसटी सुधार-ऑटो क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर- जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। नई दरें सोमवार से से लागू होंगी जिससे लोगों को फायदा मिलेगा। आज हम ऑटोमोबाइल उद्योग पर एक नजर डाल रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री - शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस संकट की घड़ी में राज्य के साथ खड़ी है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नुकसान की भरपाई मिलेगी और पशुओं की भी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

## एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप क्रिकेट में कल भारत ने अबू धाबी में खेले गए मुकाबले में ओमान को 21 रन से हराया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में ओमान की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य से 21 रन पीछे रह गई। वहीं आज से एशिया कप के सुपर 4-4 चरण की शुरूआत हो रही हैं। आज श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मुकाबला होगा।

## मौसम

प्रदेश में लौटते मानसून से बारिश का सिलसीला जारी मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खरगौन और बड़वानी सहित आठ जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच निवाड़ी और बड़वानी जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई। भोपाल, जबलपुर, दतिया, इंदौर, श्योपुर, उज्जैन, मंडला, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया, बालाघाट, राजगढ़ में भी हल्की बारिश हुई।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- **मंदसौर** में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा तकनीकों के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- **राजगढ़** में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। इसी के तहत कल स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार, पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा के तहत मंगल भवन से वॉकथान का आयोजन किया गया।
- जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में कल **शिवपुरी** जनपद कार्यालय सभाकक्ष में जनमन आवास योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

- **गुना** शहर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को शांति, समन्वय और कानून व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के लिए कल जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
- मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर **आगरमालवा** जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सर्वसिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर मे "शक्ति पर्व" का आयोजन सोमवार को शाम 6:30 बजे से किया जाएगा
- **शाजापुर** जिले में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकास के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कल कलेक्टर ने की।